News सिटी चीफ

वर्ष-15, अंक-135
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया


**आज का विचार**

सर उठाकर फक्र से चलने की
हसरत हो अगर तो सीखिये गर्दन
कहाँ कितनी झुकानी चाहिए


CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

# बिहार सिटी चीफ

बिहार, मंगलवार 20 अगस्त 2024

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार




**फटे नोट बदलने के नाम पर लूटे 12 लाख...4 अरेस्ट**

## मोतिहारी में 60,500 रुपए जब्त, व्यवसायी से मारपीट के बाद हुई थी छिनतई



**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

**मोतिहारी**। मोतिहारी पुलिस ने कटे फटे नोट बदले के नाम कर यूपी के व्यवसाई से छिनतई की घटना को अंजाम देने वाले गिरोह का खुलासा किया है। गिरोह में शामिल चार अपराधी को छीने गए 60,500 रूपए के साथ अरेस्ट किया गया है। इन्होंने 12 लाख की लूट की थी। घटना हरसिद्धि थाना क्षेत्र के कृतपुर मठिया गांव की है।घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि यूपी के व्यवसायी आनंद प्रकाश ओझा ने थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी, जिसमें उन्होंने बताया कि 24 लाख के कटे फैट नोट के बदले 12 लाख रुपए लेकर बुलाया गया था, जब 15 अगस्त को पैसा लेकर पहुंचे, तो उनके साथ मारपीट कर छिनतई हुई।पीड़ित ने अपना इलाज करा कर 18 अगस्त को थाना पर पहुंच कर आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। अरेराज डीएसपी रंजन कुमार ने बताया कि गोरखपुर उत्तर प्रदेश के व्यवसाय आनंद प्रकाश ओझा से कटे-फटे 24 लाख रुपए नोट के बदले में 12 लाख रुपया देने के बदले पैसा छीना गया था।

**चार अभियुक्त को किया गिरफ्तार, 60 हजार 500 रुपए बरामद**

इस मामले में हरसिद्धि थानाध्यक्ष निर्भय कुमार राय ने त्वरित कार्रवाई की। घटना में शामिल चार अभियुक्त की गिरफ्तारी हुई है। उसके निशानदेही पर 60 हजार 500 रूपए भी बरामद किया गया है।गिरफ्तार आरोपी में उत्तर प्रदेश महाराजगंज जिला के मरहुल रोमल खान के बेटा शाहनवाज खान, हरसिद्धि थाना के कृतपुर मठिया निवासी तेज बहादुर सिंह के बेटा अमरेंद्र सिंह, हरसिद्धि के बगहा निवासी राजा राम ठाकुर के बेटा रंजन ठाकुर और पहाड़पुर थाना क्षेत्र के कमल पिपरा निवासी वीरेंद्र प्रसाद बेटा सत्यम कुमार है।गिरफ्तार से मामले में पूछताछ की गई। जिसके आधार पर पुलिस आगे के अनुसंधान में जुटी है। छापेमारी टीम में अरेराज डीएसपी रंजन कुमार के साथ हरसिद्धि थानाध्यक्ष निर्भय कुमार राय, पुअनी रवि रंजन कुमार, परि पुअनि अविनाश कुमार, परि पुअनि अमित कुमार, चौकीदार तफसीर आलम, रामबाबू सहित पुलिस बल शामिल थे ।

**पीड़ित परिजनों से मिलकर कहा - स्पीडी ट्रायल से हो अपराधी को हर हाल में सजा, रोजगार के लिए दी 50 हजार की आर्थिक मदद**

## मुजफ्फरपुर दुष्कर्म के बाद नृशंस हत्या मामले में सांसद पप्पू यादव ने जताई कड़ी नाराजगी

**मुजफ्फरपुर**। पूर्णिया के सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने आज मुजफ्फरपुर जिले के पारु थाना अंतर्गत लाल छपरा पंचायत स्थित गोपालपुर गांव में गोनर राम एवं उनके परिजनों से मुलाकात की जिनकी बेटी की नृशंस हत्या विगत दिनों अपराधियों ने दुष्कर्म के बाद कर दी थी। इस घटना में मृतक के शरीर के अंगों को काटने की बात सामने आई थी। पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव ने पीड़ित परिजनों से मुलाकात कर आज अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की और कहा कि वह इस पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। साथ ही पप्पू यादव ने पीड़ित परिवार को?500000 की आर्थिक मदद की घोषणा की और ?50000 की आर्थिक मदद तत्काल उन्हें दी ताकि उनके परिजन को रोजगार करने में मदद मिल सके। मौके पर सांसद पप्पू यादव ने कहा, कोलकाता में डॉक्टर की हत्या पर देश हाय-तौबा कर रहा है, लेकिन बिहार की इस बेटी के लिए कोई क्यों नहीं बोल रहा है? उन्होंने प्रशासन पर कड़ा सवाल उठाते हुए कहा कि जब कोलकाता की घटना में 12 घंटे में पोस्टमार्टम रिपोर्ट आ सकती है, तो मुजफ्फरपुर की इस बेटी का पोस्टमार्टम रिपोर्ट अब तक क्यों नहीं आया? यह प्रशासन के लचर रवैये को दर्शाता है।



ग्रामीणों से घटना के बारे में विस्तृत जानकारी लेते हुए पप्पू यादव ने कहा कि किसी बेटी के अंगों को काट कर उसकी हत्या कर देना बलात्कार से कम खतरनाक अपराध है क्या ? मुजफ्फरपुर पुलिस प्रशासन को इस सवाल का जवाब देना चाहिए।

सांसद यादव ने बताया कि नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के 2022 के आंकड़ों के अनुसार, देश में दर्ज बलात्कार के मामलों में 90त्न मामले दलितों के हैं। उन्होंने चिंता व्यक्त की कि देश में हर दिन 86 दुष्कर्म के मामले सामने आ रहे हैं, और दलित महिलाओं के खिलाफ अपराधों में तेजी से वृद्धि हो रही है।

वहीं, उन्होंने पीड़ित परिवार की मदद के सवाल पर कहा, यह राशि बेटी के जीवन के सामने कुछ भी नहीं है, लेकिन इस कठिन समय में यह परिवार के लिए एक छोटी सी मदद है। उन्होंने यह भी कहा कि वह इस मामले में आर-पार की लड़ाई लड़ेंगे और अपराधियों को सजा दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। सांसद यादव ने मामले में स्पीडी ट्रायल की मांग की और अपराधी को फांसी की सजा देने की भी अपील की।

यह घटना बिहार में कानून व्यवस्था की स्थिति पर गंभीर सवाल खड़े करती है, और पप्पू यादव ने इस पर जोर देकर कहा कि इस तरह के अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों।

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शिवहर ने तरियानी छपरा थाना में मनाया रक्षाबंधन

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

शिवहर, शिवहर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शिवहर के संचालिका बहन भारती के द्वारा तरियानी छपरा थाना परिसर में भाई बहनों का त्योहार रक्षाबंधन के अवसर पर अलौकिक रक्षा सूत्र बांधते हुए त्यौहार मनाया है। कर्तव्य पर रहने वाले पुलिस पदाधिकारीयों एवं कर्मियों के कलाई पर राखी बांधते हुए बहन भारती ने उनके दीर्घायु जीवन एवं सुखमय जीवन के लिए कामना की तथा हर मुश्किलों को सामना करने के लिए विजई आशीर्वाद दिया।

घर से सैकड़ो किलोमीटर दूर अपने कर्तव्य पर तैनात पुलिसकर्मीयो ने भी अपने कलाई पर राखी बांधते देख गर्व करते हुए कहा है कि हम घर से दूर रहकर भी बहन की कमी महसूस नहीं हुई ,हमें प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के संचालिका बहन भारती के द्वारा कलाइयों पर राखी बांधकर विजई होने का आशीर्वाद दिया है ।हम दुश्मन पर फतह पाएंगे।

रक्षाबंधन का पर्व कल मनाया जाएगा। इस बाबत बाजारों में भी काफी रौनक बढ़ गई है। राखी बेचने वाले दुकानदारों की संख्या बढ़ गई। तथा बहाने अपने मनपसंद राखी खरीद भी रहे हैं।

**9वीं फेल कर रहा नौकरी देने की बात**

## तेजस्वी यादव पर बरसे दिलीप जायसवाल...पिता लालू का रहमोकरम नहीं होता तो चपरासी बनना भी मुश्किल था

**मोतिहारी**। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि नौकरी देने की बात करने वाले तेजस्वी खुद 9वीं फेल हैं। पिता लालू का रहमोकरम नहीं होता तो चपरासी की नौकरी भी नहीं मिलता। मोतिहारी में पार्टी के कार्यसमिति की बैठक में उन्होंने यह बातें कही।

बीजेपी सांसद राधामोहन सिंह के नेतृत्व में यह कार्यक्रम गांधी सभागार में किया गया था। जहां बीजेपी नेताओं ने अपने प्रदेश अध्यक्ष का जमकर स्वागत किया। इस बीच मंच को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि एक राजकुमार है जो नौकरी देनी की बात करता है। लेकिन यदि वह लालू का बेटा नहीं होता तो नवमीं पास को चपरासी का भी नौकरी नहीं मिलता।

वही लालू-राबड़ी पर हमला बोलते हुए कहा कि पहले मुख्यमंत्री के घर से अपराध और अपहरण का रोजगार चलता था। लेकिन आज तेजस्वी यादव युवाओं को रोजगार देने की बात करता है। वही इस कार्यक्रम में सामिल बीजेपी सांसद राधामोहन सिंह ने आरक्षण के मुद्दे पर कहा कि विपक्ष अफवाह फैलता है क्योंकि आज सदन में ओबीसी दलित महादलित सांसद अगर किसी पार्टी है तो वो बीजेपी में ही है क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी खुद ओबीसी से आते है और भगवान ने उन्हें धरती पर इनसब के उत्थान के लिए ही भेजा है ।

**पटना में अपराधियों के हौसले बुलंद**

## ऑटो में पिस्टल सटाकर छात्रा से लूटपाट, लूटने के बाद चलती गाड़ी से बाहर फेंका

**पटना**। राजधानी पटना में अपराधियों को हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। बेखौफ अपराधी दिनदहाड़े लूट और हत्या जैसी वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। बदमाशों ने ऑटो सवार एक छात्रा से पिस्टल के बल पर लूटपाट की और उसे चलती ऑटो से बाहर फेंक दिया। घटना जीपीओ गोलंबर के पास की है। जानकारी के मुताबिक, पीड़ित छात्रा कहीं जाने के लिए ऑटो पर सवार हुई थी। छात्रा जिस ऑटो पर सवार हुई थी उसमें पहले से कुछ बदमाश बैठे हुए थे।

इसी बीच बदमाशों ने छात्रा की कमर में पिस्टल सटा दी और उससे लूटपाट करने लगे।

छात्रा से लूटपाट करने के बाद बदमाशों ने जीपीओ गोलंबर के पास उसे चलती ऑटो से धक्का देकर नीचे फेंक दिया और मौके से फरार हो गए। दिनदहाड़े हुई इस वारदात के बाद राजधानी की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। लोगों का कहना है कि पटना पुलिस की नाकामी के कारण अपराधी खुलेआम उत्पात मचा रहे हैं।

ऑटो सवार बदमाशों ने छात्रा के गले की सोने की चेन, हीरे की अंगूठी और ब्रेसलेट लूट लिया है, जिसकी कीमत करीब ढाई लाख रुपए आंकी गई है।

पीड़ित छात्रा ने कोतवाली थाने में केस दर्ज कराया है। केस दर्ज होने के बाद पुलिस सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है।

## मोहारी घाट में डुबे हुए युवक का शव 4 दिन बाद हुआ बरामद

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

शिवहर, प्रशासन को मिली एक ओर बड़ी सफलता, एक शव हुआ बरामद, 15 अगस्त की रात मोहारी घाट पर डूबे हुए शख्स का शव हुआ बरामद कोलसो मोतनाजे़ से हुआ बरामद, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया सदर अस्पताल शिवहर, एसडीएम अविनाश कुणाल ने दी जानकारी। जिला पदाधिकारी पंकज कुमार, पुलिस अधीक्षक अनंत कुमार राय, अनुमंडल पदाधिकारी अविनाश कुणाल, एसडीपीओ अनिल कुमार के द्वारा शव को खोजने के लिए अथक प्रयास किया गया था। इसके लिए एसडीआरएफ की टीम एवं एनडीआरएफ की टीम को बुलाया गया था। अभियान को तेजी से चलाया जा रहा था आखिर सफलता हाथ लगी ।

अभी भी दो लोगों का शव बरामद नहीं है।

डीएम -एसपी में सख्त निर्देश दिया है कि डूबा पुल पर सेल्फी लेने वाले तथा गहरे पानी में स्नान करने वाले के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती**

## ट्रेनिंग के दौरान फूड प्वाइज़निंग से 250 से ज्यादा जवानों की बिगड़ी तबीयत



**सुपौल**। बिहार के सुपौल जिले से बड़ी खबर आ रही है। सुपौल के भीमनगर स्थित बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस की 12 वी एवं 15 वी बटालियन में ट्रेनिंग के लिए आए लगभग 250 से ज्यादा जवानो की तबीयत अचानक बिगड़ गयी। फूड पॉइज़निंग के शिकार जवानों को आनन फानन में वीरपुर अनुमंडलिय अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहाँ सभी का इलाज जारी है।

बताया जा रहा है कि रविवार की दोपहर खाना खाने के बाद सभी की तबियत बिगड़ गई है. जवानों क़ो उलटी और दस्त हो रहे हैं.

रात नौ बजे तक 250 से ज्यादा जवान अनुमंडल अस्पताल पहुँच गए थे. वहीं इसके साथ साथ भीमनगर थानाध्यक्ष दीपक कुमार और वीरपुर एसडीएम नीरज कुमार ने भी मौके पर पहुंचकर जबानो से उनका हाल चाल ले रहे हैं।

जवानों के भीड़ के बीच एक ट्रेनिंग के जवान मुकेश कुमार ने बताया कि लगातार ट्रेनिंग के दौरान खाना खराब मिल रहा था और इस खाने का लगातार जवानों के द्वारा विरोध किया जा रहा था. जिससे आज खाना के बाद ट्रेनिंग कर रहे जवान की तबियत बिगड़ने लगी और इस दौरान ज़ब वहाँ जवान पहुंचे तो खाना बनाने की जगह पर सल्फास की पुड़िया देखी गई. जिससे स्पष्ट होता है कि सभी जवानों की हत्या करने की कोशिश की गई है. लगातार जवानों के तबियत बिगड़ने का सिलसिला जारी है.

उपचार के दौरान मात्र एक चिकित्सक होने के चलते बीमार होने की संभावना में अनुमंडल अस्पताल पहुंचे बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस के ट्रेनिंज ने अचानक हंगामा शुरू कर दिया. जवानों का कहना था कि इतने बड़े अस्पताल में मात्र एक चिकित्सक के द्वारा इलाज किया जा रहा है. ये इलाज होते होते सुबह हो जाएगा और इतने समय में किसकी जान बचेगी और कौन रहेगा ये कहना मुश्किल है.

वहीं इसी क्रम में कई जवानों ने बताया कि अस्पताल में किसी भी दवाई की सुविधा नहीं है. सभी दवा खरीदकर लाना पर रहा है. पूछे जाने पर एसडीएम ने कहा कि फ़ूड पोइजनिंग का मामला है. अभी वेट एंड वाच की स्थिति है.